बिहार मानवाधिकार आयोग (बी0एच0आर0सी0)

9, बेली रोड, पटना

संचिका संख्या– BHRC/Comp.–2246 /4/5/2021-PCD

Suo-Motu Cognizance

विषय : भागलपुर जिलान्तर्गत बरारी थाना क्षेत्र के मायागंज मोहल्ले में सोमवार (दिनांक 30 मार्च, 2021) की देर शाम पुलिस हिरासत में एक सिंचाई कर्मी, संजय कुमार अकेला उर्फ संजय यादव की मौत से संबंधित मामला।

31.03.2021

स्थानीय समाचार–पत्रों के दिनांक– 31 मार्च, 2021 के संस्करण में इस आशय का समाचार प्रकाशित हुआ है कि **भागलपुर जिलान्तर्गत बरारी थाना क्षेत्र के मायागंज मोहल्ले में सोमवार (दिनांक 30 मार्च, 2021) की देर शाम पुलिस हिरासत में एक सिंचाई कर्मी, संजय कुमार अकेला उर्फ संजय यादव की मौत** हो गयी।

उपरोक्त घटना पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति की तथाकथित पुलिस की पिटाई के कारण मौत हो जाने से घटित होना बतायी जा रही है।

उपरोक्त घटना काफी गम्भीर प्रकृति का प्रतीत होता है तथा प्रथम दृष्टया मानवाधिकार अतिक्रमण का मामला प्रतीत होता है।

राज्य मानवाधिकार आयोग द्वारा स्वप्रेरणा से प्रसंगाधीन मामले का संज्ञान लिया जा रहा है।

इसे पंजीकृत करें।

समाचार–पत्रों में प्रकाशित प्रसंगाधीन मामले से संबंधित समाचारों की कटिंग की छाया–प्रति संलग्न कर **जिला पदाधिकारी, भागलपुर एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, भागलपुर से** दिनांक 28.04.2021 के पूर्व, प्रसंगाधीन धटना से संबंधित **विस्तृत तथ्यात्मक प्रतिवेदन** की मांग किया जाय साथ ही साथ **मृतक संजय कुमार अकेला उर्फ संजय यादव की पारिवारिक तथा आर्थिक स्थिति के सम्बन्ध में भी तत्काल प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु जिला पदाधिकारी, भागलपुर से अनुरोध किया जाय।**

विस्तृत तथ्यात्मक प्रतिवेदन की मांग से सम्बन्धित पत्र के साथ आज पारित आदेश की प्रति एवं समाचार–पत्र की कटिंग की छाया प्रति फैक्स/ई–मेल के माध्यम से भी तत्काल जिला पदाधिकारी, भागलपुर एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, भागलपुर को भेजी जाय।

संचिका दिनांक 03.05.2021 को उपस्थापित की जाय।

(उज्ज्वल कुमार दुबे)
सदस्य

निबंधक